एकता हत्याकांड: 48 घंटे में आरोपी विमल सोनी से पूछे 209 प्रश्न, सिर्फ 87 के दिए जवाब

विमल ने रिमांड में न कुछ उगला न बरामद हुए एकता के पर्स-फोन



एकता हत्याकांड

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। एकता हत्याकांड के आरोपी विमल सोनी की पुलिस कस्टडी रिमांड शुक्रवार सुबह आठ बजे पूरी हो गई। 48 घंटे की पीसीआर में चार टीमों ने पूछताछ की। 209 बिंदुओं पर पूछताछ की गई जिसमें विमल ने 87 के ही ठीक-ठाक उत्तर दिए। जांच टीम में मौजूद लोगों के मुताबिक बाकी के प्रश्नों में वह चुप रहा। कुछ का जवाब हवा में दिया। यह भी बोला कि एकता की हत्या करने मंशा थी लेकिन पूरा परिवार बिगड़ गया। पुलिस कर्मियों ने जब मतलब पूछा तो विमल मुस्कुराया और चुप रह गया। 48 घंटे की रिमांड पर पुलिस और एकता के परिजनों के पूछे गए सवालों के जवाब भी दिए, जहां पर फंसने लगता था वहां चुप्पी साध लेता था, पुष्टि एकता के पति राहुल ने भी की है। कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार सुबह 8 बजे मेडिकल करा विमल को जेल भेज दिया।

साइकोलॉजिस्ट से भी बहुत कुछ छिपाया : पुलिस ने विमल का सामना कुछ साइकोलॉजिस्ट से भी कराया। जिन्होंने अपनी रिपोर्ट में हत्यारोपी विमल के पल-पल बदलते चेहरे की चर्चा भी की। रिपोर्ट में कहा कि जांच के दौरान विमल के चेहरे पर कुछ जरूरी चीजों को छिपाने के भाव थे, जिनसे वह अंदर ही अंदर छिपा रहा था। रिपोर्ट के बाद ये सामने आया है कि विमल ने जानबूझ कर कुछ प्रश्नों के उत्तर नहीं दिए इसलिए पुलिस ने उससे पूरी रात पूछताछ की।

पत्नी के साथ जिंदगी बिताना चाह रहा था: जिम में विमल के कई महिलाओं से संबंध थे। जब विमल ने शादी और पत्नी की बात बताई तो एकता से कहासुनी हो गई। इसलिए विमल इस जिम को छोड़ना चाह रहा था। जब यह बात उसने एकता को बताई तो उसने मना किया। वह नहीं चाहती थी विमल जिम छोड़े। विमल ने बताया वह जिम छोड़ना चाहता था।



हत्यारोपी जिम ट्रेनर विमल सोनी को कस्टडी रिमांड पर लेकर जांच करती पुलिस। (वीडियो ग्रैब)

- ज्यादातर सवालों में कत्ल करना स्वीकारा किसी और के शामिल होने से इनकार
- फंसने पर साधता रहा चुप्पी, रिमांड पूरी होने के बाद आरोपी को भेज दिया जेल

सबूत बारिश में धुले, दोबारा लिए गए

24 जून की घटना के बाद फोरेंसिक टीम ने सबूत इकट्ठा करने के लिए सैंपलिंग की थी। इसके बाद मौसम खराब हुआ और एकता की हत्या में विमल को हत्यारोपी सिद्ध करने वाले सारे सबूत धुल गए। गुरुवार को जब फोरेंसिक टीम कानपुर पहुंची और सीन रीक्रिएशन शुरू किया गया तब जिन बिंदुओं पर काम किया गया था उनके साथ कुछ नया भी शामिल किया गया। फावड़े की लकड़ी, दरवाजे और ताले से फिंगर प्रिंट लिया गया। विमल की कार व चाबी का प्रिंट लिया, ऑफिसर्स क्लब की चाबी को सामने लाया गया जो विमल के पास थी।

जिम की इन मशीनों का लिया गया प्रिंट

तीन पार्क जिम में लगी क्रॉसट्रेनर, साइकिल, केबल क्रॉस कुलवर्कर, बेंच प्रेस, शाइडिंग शोल्डर प्रेस एक्सरसाइज मशीनों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। जिम के अंदर-बाहर, ट्रेड मिल और बेंच से प्रिंट लिया गया। मशीनों से फोरेंसिक टीम ने सबूत एकत्र किए। जिम में मौजूद नौ लोगों के बयान दर्ज हुए। ज्यादातर लोगों ने एकता के हंसमुख स्वभाव, हर किसी से हंसने-बोलने और मजाक करने वाली बताया। वहीं विमल को ढीठ और हर बात को छिपाने वाला बताया। एक रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि विमल के फेस और बॉडी एक्सप्रेशन ऐसा है जैसे कोई भी व्यक्ति झूठ को छिपाने के लिए किसी हद तक जाने वाला का होता है।

कार का भी किया निरीक्षण

24 जून को कार मिलने पर फोरेंसिक टीम ने कुछ साक्ष्य एकत्र किए थे जिसमें कार के मड फ्लैप और फुट मैट की डस्ट ली थी। कार से कुछ और भी सबूत मिले थे, साइंटिफिक सबूत लेने के दौरान फोरेंसिक टीम ने विमल की कार का स्टेयरिंग, गेयर और ओपन हैंडिल से स्क्रैच कर रिसीड ली। कार में मिली रस्सी, टूटा हुआ कल्वर, टूटी चूड़िया और फुट मैट की डस्ट भी ली गई। बारिश की वजह से विमल के फुट प्रिंट नहीं मिल सके हैं। कार में दो अलग अलग फुट प्रिंट मिले। जिसे एक एकता और दूसरा विमल का माना जा रहा है। टीम ने मोटर इंजीनियर से कॉन्टैक्ट कर 24 जून की सुबह कार का तापमान लेने को कहा है।

> आम तौर पर मर्डर के मामले में 90 दिन में चार्जशीट दाखिल की जाती है। इस मामले में कुछ रिपोर्ट आने का इंतजार है, उसके बाद चार्जशीट लगाई जाएगी और केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलवाया जाएगा।
>
> -श्रवण कुमार सिंह, डीसीपी पूर्वी

कई सवालों के अनसुलझे जवाब

- एकता के साथ वह कब से रिलेशन में था।
- हत्या का प्लान कबसे दिमाग में बना। फरारी के दौरान किसने साथ दिया
- ऑफिसर्स क्लब में खुदाई के दौरान किसको-किसको जानकारी थी
- आमतौर पर पहली बार हत्या करने के बाद आदमी घबराता है, आखिर उसके साथ ऐसा क्यों नहीं हुआ
- ऑफिसर्स क्लब के पास की इमारत में लगे कैमरों में विमल सोनी की फुटेज क्यों नहीं मिली
- एकता से किस बात पर विवाद हुआ था, जिसकी वजह से रिलेशन खराब हो रहे थे
- मौत के बाद शव भारी हो जाता है, क्या अकेले विमल ने दफनाया।

इन रिपोर्ट का इंतजार

- फोरेंसिक टीम की ओर से लिए गए सैंपल।
- मां का सैंपल लेकर डीएनए के लिए भेजा गया।
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट रिव्यू के लिए भेजी गई है।

विमल के साथ महिला को देख भड़क गई एकता

24 जून को विमल जिम से निकल रहा था तो उसके साथ जिम के गेट तक कोई दूसरी महिला आई थी। यही वजह थी जिस पर एकता और विमल का झगड़ा हुआ। झगड़ा कुछ इस कदर बढ़ा विमल ने एकता के चेहरे पर घूंसा जड़ दिया जिससे वह अचेत हो गई। मुताबिक विमल का दूसरी महिलाओं से संपर्क ही एकता का पारा हाई कर देता था। हालांकि विमल ने कहा कि मैम शादी का विरोध कर रही थी। इसलिए मारा था। पुलिस एकता का मोबाइल और पर्स बरामद नहीं कर सकी है।

जमीन दिलाने के नाम पर 3.62 लाख ठगे

कानपुर। नवाबगंज में जमीन दिलाने के नाम पर युवक से 3.62 लाख की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। आरोपितों के रुपये न लौटाने पर पीड़ित ने धोखाधड़ी और अमानत में खयानत की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नवाबगंज विष्णुपुरी निवासी दुर्गेश शर्मा ने बताया कि उसका उन्नाव के संबौली निवासी देशराज सिंह उर्फ गुड्डू और बैराज के महेश निषाद से परिचय था। दोनों ने संबौली निवासी प्रकाश की पांच लाख रुपये में आधी जमीन दिलाने का झांसा दिया। जिसके नाम पर आरोपितों ने कई बार में दुर्गेश से 3.62 लाख रुपये ले लिये। इसके बावजूद आरोपितों ने जमीन का बैनामा नहीं किया और न ही रुपये लौटाए, उल्टा पीड़ित को ही जान से मारने की धमकी दी। नवाबगंज थाना प्रभारी दीनानाथ मिश्र ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

लूटपाट करने वाले सगे भाई गिरफ्तार

कल्याणपुर। कल्याणपुर रेलवे स्टेशन के पीछे कार से परिवार के साथ घर लौट रही युवती से अश्लील हरकतें करते हुए मारपीट व लूटपाट करने वाले दोनों आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। कल्याणपुर के न्यू अशोक नगर की युवती शनिवार रात रेस्टोरेंट से खाना खाकर कार से घर लौट रही थी। तभी कल्याणपुर रेलवे स्टेशन के पीछे बीच सड़क पर कार खड़ी कर नशेबाजी कर रहे दो युवकों से युवती का विवाद हो गया था। जिस पर युवकों ने अश्लील हरकतें करते हुए युवती के बाल पकड़ कार से खींच मारपीट की। पर्स व सोने की चेन तोड़ भाग निकले थे। इंस्पेक्टर ने बताया अशोक नगर के दोनों सगे भाई विकास व आकाश को पकड़ा।

शहर 30s

बैंक कर्मी के घर चोरी करने वाला दबोचा

कानपुर। बैंक कर्मी के साइट नंबर वन, किदवईनगर स्थित ताला बंद घर में चोरी के आरोपी को पुलिस ने गीतापार्क के पास से दबोच लिया। आरोपी जीतू शुक्ला बैंक कर्मी के घर के पास ही रहता है। मानस कुमार राय एसबीआई नई दिल्ली की जनपथ शाखा में कार्यरत हैं। 29 अक्तूबर को दोस्त उनके किदवईनगर वाले घर गया तो ताला टूटा होने और सामान चोरी की सूचना मिली थी। वह शहर पहुंचे तो पता चला घर में रखी एक लाख की ज्वेलरी और 20 हजार की नगदी गायब थी। चोरी गए सामान के डिब्बे पड़ोसी जीतू शुक्ला के घर के बाहर पड़े थे।

होटल की तीसरी मंजिल पर लगी आग

चकेरी। रेलबाजार स्थित टाटमिल चौराहे पर एक होटल की तीसरी मंजिल पर शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू किया। रेलबाजार थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि टाटमिल चौराहे पर वश पैलेस नाम से होटल है। गुरुवार की रात को होटल की तीसरी मंजिल में बने स्टोर रूम में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। कमरे से धुआं निकलने पर लोगों को जानकारी हुई तो पुलिस समेत दमकल को सूचना दी। दमकल की दो गाड़ियों ने होज रील फैला 45 मिनट की मशक्कत कर आग को बुझाया।

खुदकुशी को उकसाने वाले की जमानत खारिज

कानपुर। खुदकुशी के लिए उकसाने वाले की जमानत अर्जी अपर जिला जज 11 सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी ने खारिज कर दी है। सचेंडी की 20 वर्षीय युवती को गांव का रामबरन तीन अक्तूबर की शाम शादी का झांसा देकर घर ले गया था। जब पिता रामबरन के घर पहुंचे तो उसने कहा तुम जियो या मरो, तुम्हारी बेटी से शादी हम करेंगे। इसी सदमे में पिता ने गांव के बाहर काली मंदिर के कुएं में गमछे का फंदा लगाकर जान दे दी थी। एडीजीसी भास्कर मिश्रा ने बताया कि मृतक की पत्नी ने रामबरन के खिलाफ सचेंडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रामबरन 10 अक्तूबर से जेल में बंद है। उसने जमानत अर्जी दाखिल की थी।

लुटेरों ने अधिवक्ता का मोबाइल छीना

कानपुर। बाइक सवार लुटेरे शर्मा नगर बर्रा के अधिवक्ता कमलेश कुमार श्रीवास्तव का मोबाइल छीन ले गए। पीड़ित ने बर्रा थाने में अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मोबाइल छीनैती की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कमलेश के मुताबिक 2 नवंबर की दोपहर को वह जरूरी काम से बर्रा की ओर जा रहे थे। दोपहर 2:20 बजे फोन पर बात करते हुए पाल साइकिल स्टोर और ऐम कंप्यूटर कोचिंग सेंटर के बीच पहुंचे थे। तभी पीछे से आए काली पल्सर सवार तीन युवकों में से एक ने झपट्टा मार कर मोबाइल छीन लिया और भाग निकले। बर्रा थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मोबाइल लूट की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

सपा नेता से मांगी 30 लाख की रंगदारी

कल्याणपुर। सपा नेता सम्राट विकास से 30 लाख की रंगदारी मांगी गई। कल्याणपुर के केशव चौराहा के पास एक अपार्टमेंट में रहने वाले सम्राट विकास सपा के नेता हैं। सम्राट गोविंद नगर विधानसभा से सपा की टिकट पर चुनाव भी लड़ चुके हैं। दो नवंबर की रात सम्राट अपने फ्लैट पर सो रहे थे। इसी दौरान अपार्टमेंट में आए दो युवक सम्राट की कार में एक लेटर रखकर भाग निकले।

कुशाग्र हत्याकांड: 77 पन्ने की जिरह पूरी

कानपुर। एडीजे 17 त्रिपुरारी मिश्रा की कोर्ट में शुक्रवार को शहर के चर्चित कुशाग्र हत्याकांड में वादी मुकदमा की गवाही और जिरह पूरी हो गई। वादी मुकदमा से 77 पेज की जिरह हुई। 18 नवंबर को अगली सुनवाई होगी। इसमें कुशाग्र के माता-पिता और गार्ड की गवाही हो सकती है। फिर बहस होगी।

कुशाग्र कनोडिया की 30 अक्तूबर 2023 को अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी। कुशाग्र के बाबा संजय ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले में कुशाग्र की ट्यूशन टीचर रचिता वत्स, प्रभात शुक्ला और शिवा गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। तीनों आरोपियों पर आरोप तय हो चुके हैं। मामले में पहली गवाही और जिरह वादी मुकदमा संजय कनोडिया से हुई। करीब 10 से ज्यादा तारीखों में उनसे 77 पेज की जिरह हुई। जिसमें घटना, घटनास्थल, आरोपियों व अन्य बिन्दुओं पर सवाल जवाब किया गया। डीजीसी क्रिमिनल दिलीप अवस्थी और कमलेश पाठक ने बताया कि वादी मुकदमा से जिरह पूरी हो गई है।

खड़े ट्रक से टकराई कार तीन की मौत, पांच घायल

- भदोही के ऊंज में जीटी रोड पर नवधन गांव में सुबह हुआ हादसा
- वाराणसी से कार में सवार आठ कलाकार लौट रहे थे कानपुर

कानपुर/ऊंज (भदोही), हिन्दुस्तान संवाद। ऊंज थाना क्षेत्र के जीटी रोड पर नवधन गांव के पास शुक्रवार सुबह हादसे में कार सवार कानपुर के तीन युवकों की मौत हो गई। जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा उस वक्त हुआ जब कार का अगला पहिया पंक्चर होने के बाद खड़े ट्रक में टकरा गई।

कानपुर से आठ कलाकार गुरुवार की रात वाराणसी में छठ पूजा कार्यक्रम में शो करने आए थे। शुक्रवार तड़के सभी कानपुर के लिए निकले। सुबह करीब सात बजे जीटी रोड पर नवधन गांव के पास अचानक कार का अगला पहिया पंक्चर हो गया। इससे अनियंत्रित कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। हादसे में सभी कार सवार घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी गोपीगंज एवं ट्रॉमा भेजा। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने 25 वर्षीय निखिल निवासी पनकी कानपुर, 35 वर्षीय शोभित निवासी घाटमपुर को मृत घोषित कर दिया। 23 वर्षीय आकाश निवासी लाल कॉलोनी को वाराणसी ट्रामा सेंटर भेजा गया, देर शाम आकाश की भी मौत हो गई।

दो दंपति समेत पांच का चल रहा इलाज

26 वर्षीय शिवानी श्रीवास्तव, 24 वर्षीय पत्नी नेहा श्रीवास्तव, 26 वर्षीय राज गौतम, उनकी 23 वर्षीय पत्नी प्रीति देवी, शनि गुप्ता का इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया देर शाम को परिजन भी ऊंज एवं अस्पताल पहुंच गए हैं।

सेवानिवृत्त इंजीनियर के घर से माल उड़ाया

कानपुर। रतन लाल नगर में चोरों ने सेवानिवृत्त रेलवे इंजीनियर उमेश कुमार वर्मा के घर पर मंगलवार रात पहली मंजिल पर अलमारी का लॉकर तोड़कर चांदी के जेवर और पांच हजार रुपये व पर्स पार कर दिया। इसके बाद दूसरी गली में दबौली के दिलीप के डिपार्टमेंटल स्टोर से 20 हजार व 30 हजार का सामान पार किया।

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग
23 एलनगंज, प्रयागराज-211002

विज्ञप्ति

[illegible] दिनांक 29.11.2024 [illegible] www.upsessb.org [illegible] www.uphesc.org [illegible] @upsescprayagraj [illegible]

(मनोज कुमार)
सचिव

नवोदय विद्यालय समिति
शिक्षा मंत्रालय (स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग)
भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन

[illegible] दिनांक: 08.11.2024

कक्षा-9 और 11 के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाने की अधिसूचना

जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा 9 और 11 (सत्र 2025-26) में रिक्त सीटों के लिए चयन परीक्षा के माध्यम से प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण जारी था है। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 19 नवंबर 2024 तक बढ़ा दी गई है। उम्मीदवार निम्नलिखित लिंक पर जाकर निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं-

कक्षा-IX के लिए https://cbseitms.nic.in/2024/nvsix/

कक्षा-XI के लिए https://cbseitms.nic.in/2024/nvsxi_11/

[illegible]

नवोदय विद्यालय समिति द्वारा जारी

कानपुर विकास प्राधिकरण आवश्यक सूचना

[illegible] भूखण्ड संख्या-609 ब्लाक-बी योजना-40 पनकी कानपुर [illegible] 356 वर्गगज अथवा 297.662 वर्गमी. [illegible] 29.12.1998 [illegible] 15.01.2013 [illegible] 03.7.2023 [illegible] 22.4.13 [illegible]

विशेषकार्याधिकारी, विक्रय जोन-2

National Games Secretariat
Department of Sports (Govt. of Uttarakhand)
Maharana Pratap Sports College, Thano Road, Raipur, Dehradun-248008

Date- 8/11/2024 RFP References- 19/2024

Notice Inviting Tender

The National Games Secretariat Department of Sports, Uttarakhand on behalf of the Governor of Uttarakhand invites bids from reputed and experienced firms/agencies/companies for:

Sr. NO	RFP	Bid Security	Reference NO.
1.	Engagement of Event Management Agency for the Ceremonies for 38th Edition of National Games, Uttarakhand	INR 60,00,000	19/2024

Engagement of Event Management Agency for the Ceremonies for 38th Edition of National Games, Uttarakhand:

Sr.NO	Activity Description	Date
1.	Issue of RFP	08/11/2024
2.	Last date for submission of queries at email id: ngsuttarakhand@gmail.com	14/11/2024 @ 14:00 Hrs
3.	Starting date for Submission of Bids	16/11/2024 @ 13:00 Hrs
4.	Last Date for Submission of Bids	21/11/2024 @ 13:00 Hrs
5.	The date for Opening of Technical Bids	21/11/2024 @ 15:00 Hrs
6.	The date of Technical Presentation	Will be informed after evaluation of Technical Bids
7.	The date for Opening of Financial Bids	To be informed later.

All the information/Corrigendum/ addendum related to the project shall be published on the website https://uktenders.gov.in and the authority shall have the right to reject the bid partially or fully without assigning any reasons whatsoever.

CEO
National Games Secretariat
Dehradun

बैंक ऑफ़ इंडिया
रिश्तों की जमा पूंजी

ई-नीलामी विक्रय सूचना
सरफेसी अधिनियम 2002 के अंतर्गत

आंचलिक कार्यालय
128/24 ओम लक्ष्मी टॉवर, एच ब्लाक, किदवई नगर, कानपुर-208011, दूरभाष : 0512-2985004

[illegible] "जहां है, जैसी है एवं जो कुछ भी है" [illegible]

क्र. सं.	ऋणी/जमानतदार का नाम, मांग नोटिस दिनांक व राशि एवं कब्जा दिनांक/कब्जे का प्रकार	अचल संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति के बंधककर्ता का नाम/ऋणी	आरक्षित मूल्य (लाख में) / धरोहर राशि (लाख में)
	सी. पी. मिशन कंपाउंड शाखा, प्लॉट सं. 803/6, ग्वालियर रोड पी एंड टी कॉलोनी, झांसी (यू.पी.) पिन कोड-284003		
1.	ऋणी: श्री जगत सिंह पुत्र [illegible] सह-ऋणी: श्री अशोक सिंह पुत्र श्री जगत सिंह जमानतकर्ता: श्रीमती [illegible] देवी पत्नी अशोक सिंह मांग सूचना दिनांक: 08.06.2024 राशि: रू. 9,59,268.58/- [illegible] 08.06.2024 से देय एवं अन्य खर्चे कब्जा दिनांक: 20.09.2024 / सांकेतिक	[illegible] आराजी संख्या 1145 [illegible] झांसी क्षेत्रफल: 70.84 वर्ग मीटर परिसर की चौहद्दी: [illegible]	रू. 21.33 / रू. 2.13
2.	ऋणी: श्री अशोक कुमार पुत्र प्रेम सिंह सह-ऋणी: श्रीमती [illegible] पत्नी अशोक सिंह जमानतकर्ता: श्री [illegible] मांग सूचना दिनांक: 04.05.2017 राशि: रू. 2,84,684.00 + [illegible] 04.05.2017 से देय एवं अन्य खर्चे कब्जा दिनांक: 27.11.2017 / सांकेतिक	[illegible] झांसी (यूपी) क्षेत्रफल: 950 वर्ग मीटर परिसर की चौहद्दी: [illegible]	रू. 4.25 / रू. 0.42
	मानिक चौक शाखा, [illegible] झांसी (उ.प्र.) पिन कोड-284002		
3.	ऋणी: [illegible] मांग सूचना दिनांक: 08.05.2024 राशि: रू. 14,61,022.02 + [illegible] 08.05.2024 से देय एवं अन्य खर्चे कब्जा दिनांक: 25.07.2024 / सांकेतिक	[illegible] क्षेत्रफल: 62.45 वर्ग मीटर [illegible]	रू. 16.00 / रू. 1.60

उपरोक्त सभी सम्पत्तियों हेतु धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि 09.12.2024 शाम 04.00 बजे तक। उपरोक्त सभी सम्पत्तियों की ई-नीलामी दिनांक 09.12.2024 को समय प्रातः 11 बजे से शाम 5.00 बजे तक [illegible]

विक्रय की नियम एवं शर्तें: [illegible] https://www.ebkray.in [illegible] https://www.bankofindia.co.in, https://www.ebkray.in [illegible]

ऋणकर्ताओं/जमानतदारों/बंधककर्ता को 30 दिन की विक्रय सूचना

[illegible]

दिनांक: 09.11.2024 स्थान: कानपुर प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया

इरफान सोलंकी की जमानत अर्जी पर आदेश सुरक्षित

हाईकोर्ट

- महिला का मकान जलाने के मामले में हुई है सजा
- बचाव पक्ष और अभियोजन की बहस हो गई पूरी

प्रयागराज, विधि संवाददाता। महिला का घर जलाने के मामले में जेल में बंद कानपुर के पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी व अन्य की जमानत अर्जी पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आदेश सुरक्षित कर लिया है। राज्य सरकार की तरफ से शुक्रवार को बहस पूरी हो गई। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति सुरेन्द्र सिंह (प्रथम) की खंडपीठ कर रही है। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल, शासकीय अधिवक्ता एके संड व एजीए जे के उपाध्याय ने पक्ष रखा।

घटना की प्राथमिकी कानपुर के जाजमऊ थाने में दर्ज कराई गई तथा एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट कानपुर नगर ने पूर्व विधायक समेत पांच लोगों को सात साल कैद की सजा सुनाई है। सजा से इरफान की विधायकी खत्म हो गई। इस सजा के खिलाफ पूर्व विधायक ने हाई कोर्ट में अपील दायर की है तथा अपील लंबित रहने तक जमानत पर रिहाई की मांग की है। राज्य सरकार ने सजा को उम्र कैद में तब्दील करने के लिए अपील दायर की है। बचाव पक्ष ने वादी मुकदमा नजीर फातिमा के बयानों में विरोधाभास का दावा करते हुए कहा है कि राजनीतिक रंजिश के कारण झूठे मुकदमे में फंसाया गया है। जबकि राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि इरफान घटना के समय मौके पर मौजूद थे। और आग को ज्वलनशील पदार्थ फेंककर आग को बढ़ाया। जिसे गवाह ने भी देखा। इन लोगों का लंबा आपराधिक इतिहास है। पूर्व विधायक इस समय महाराजगंज जेल में बंद हैं।

मंदिर के कार्यालय में आग से हड़कंप

कानपुर, संवाददाता। किदवई नगर एच टू ब्लाक स्थित गायत्री शक्ति पीठ मंदिर में दोपहर को आग लगने से हड़कंप मच गया। मंदिर परिसर में मौजूद लोग आनन-फानन में बाहर आ गए। आग पर काबू पाया गया। शार्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आ रही है। व्यवस्थापक सुरेश तिवारी ने बताया गायत्री शक्ति पीठ में पुजारी पं. मोहित शुक्ला रहते हैं। दोपहर को मंदिर बंद होने के बाद वे लोग पहली मंजिल पर कमरे में चले जाते हैं। दोपहर तीन बजे मंदिर खोलने जब पुजारी आए तो मंदिर के बगल में कार्यालय से धुआं दिख रहा था। जैसे ही दरवाजा खोला आग की लपटें निकलीं। पुलिस व दमकल को सूचना दी। किदवई नगर फायर स्टेशन के अग्निशमन अधिकारी कामता प्रसाद ने बताया कि दमकल की गाड़ी पहुंची और आग बुझाई। वहीं, व्यवस्थापक ने बताया आग से कंप्यूटर सिस्टम, सीसी कैमरे की डीवीआर समेत सामान जल गया।